# हिन्दी

**HINDI**

**समय: 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

---

**निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

## खंड - क

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

आत्मविश्वास शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है-आत्म और विश्वास। यहाँ आत्मा से आशय अंतर्मन से है। विश्वास का अर्थ भरोसा होता है। वस्तुत: अंतर्मन के भरोसे को ही आत्मविश्वास कहते हैं। एक मनुष्य के लिए बहुत आवश्यक है कि वह स्वयं पर विश्वास करें। जिस मनुष्य ने स्वयं पर विश्वास कर लिया उसने मानो संसार जीत लिया। सत्य, सदाचार, ईमानदारी, सहृदयता आदि मानवीय गुणों को धारण करके आत्मविश्वास का संचार किया जा सकता है। आत्मविश्वास से भरा व्यक्तित्व सबके द्वारा सराहा जाता है। लोग उसका सम्मान करते हैं। मनुष्य प्रत्येक को सदैव आत्मविश्वास को मजबूत बनाए रखना चाहिए तभी वह जीवन में उन्नति कर सकता है। आत्मविश्वास के अभाव में किसी कामयाबी की कल्पना नहीं की जा सकती है। आत्मविश्वास के सहारे कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त करना भी सरल हो जाता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आत्मविश्वास के सहारे ही ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। यह उनका आत्मविश्वास ही था जिसके सहारे उन्होंने अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराया।

सत्य, सदाचार, ईमानदारी, सहृदयता आदि मानवीय गुणों को धारण करके आत्मविश्वास का संचार किया जा सकता है।

(ख) राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने आत्मविश्वास के सहारे क्या संभव किया?
(ग) आत्मविश्वास के अभाव में किसकी कल्पना नहीं की जा सकती?
(घ) आत्मविश्वास का संचार कैसे किया जा सकता है?
(ङ) उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दें।

प्रश्न 2. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

रात यों कहने लगा मुझसे गगन का चाँद,
आदमी भी क्या अनोखा जीव होता है।
उलझने अपनी बनाकर आप ही फंसता,
और फिर बेचैन हो जगता, न सोता है।
जानता है तू कि मैं कितना पुराना हूँ?
मैं चुका हूँ देख मनु को जनमते–मरते
और लाखों बार तुझ–से पागलों को भी
चाँदनी में बैठ स्वप्नों पर सही करते।
कवि- रामधारी सिंह ‘दिनकर’

क) कवि के अनुसार कौन अपने-आप उलझनें पैदा कर फँसता है?
ख) यहाँ पर ‘मैं’ किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
ग) उपर्युक्त पद्यांश में अनोखा जीव किसे संबोधित किया गया है?
घ) ‘चाँदनी’ शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखें।
ङ) चाँद क्या देख चुका है?

## खंड - ख

प्रश्न 3. i) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1 x 2 =2

क) आत्मा

ख) भय

ii) किन्हीं चार शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 1 x 4 = 4

क) अन्धकार

ख) इच्छा

ग) अनुराग

घ) आदि

ङ) आग्रह

च) अधिक

iii) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त विशेषण शब्द पहचानिए : 1 x 2 =2

क) मीना साहसी लड़की है।

ख) बाज़ार से कुछ आम ले आओ।

ग) मेले में प्रतिदिन अनेक लोग आते हैं।

घ) मेरी माँ आ रही है।

iv) सही भाववाचक संज्ञा शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1x2=2

क) रीमा की _______ बहुत साफ़ है। (लिखना)

ख) नौकर की ________ देखकर मालिक ने उसकी प्रशंसा की। (ईमानदार)

v) निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित विभक्ति (कारक) लगाकर वाक्य पूरे कीजिए : 1x2=2

क) राज को वार्षिक समारोह ______ अवसर पर श्रेष्ठ विद्‌यार्थी का पुरस्कार दिया गया।

ख) माँ ने राज _______ भोजन कराया।

ग) हेमा ने चाक ______ सेब काटा।

vi) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग पहचानिए : 1x2=2

क) दुर्दशा

ख) अधपका

vii) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय पहचानिए : 1x2=2

क) पढ़ा

ख) कमाई

viii) संधि विच्छेद कीजिए : 1x2=2

क) सीमांत

ख) रमेश

ix) निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कीजिए : 1x2=2

क) आपबीती

ख) प्रतिमास

x) किन्हीं दो मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1x2=2

क) पानी फेर देना

ख) हवाई किले बनाना

ग) आसमान टूटना

घ) टेढ़ी खीर

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 x 2 = 8

1. पत्र लेखन की कला के विकास के लिए क्या-क्या प्रयास हुए? लिखिए।
2. लाला झाऊलाल जी ने फौरन दो और दो जोड़कर स्थिति को समझ लिया। "आपके विचार से लाला झाऊलाल ने कौन-कौन सी बातें समझ ली होंगी?

प्रश्न 5. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखो : 3 x 2 = 6

1. वस्तु विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?
2. हाईड्रोजन और ऑक्सीजन को पानी ने अपना (पूर्वज) पुरखा क्यों कहा?
3. बाज जिंदगी भर आकाश में ही उडता रहा फिर घायल होने के बाद भी वह उड़ना क्यों चाहता था?
4. घर के सामान्य काम हों या अपना निजी काम, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुरूप उन्हें करना आवश्यक क्यों है?

प्रश्न 6. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 x 2 = 6

1. चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है? वह तिनकों का क्या करती होगी? लिखिए।
2. बालक श्रीकृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?
3. "चोरी की बान में हौ जू प्रवीने।"
   इस उपालंभ (शिकायत) के पीछे कौन-सी पौराणिक कथा है?
4. 'तै ही पूत अनोखी जायौ '- पंक्तियों में ग्वालन के मन के कौन-से भाव मुखरित हो रहे हैं?

प्रश्न 7. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : 1 x 5 = 5

क) लेखक के मन में बसको देखकर श्रद्धा क्यों उमड़ पड़ी?

ख) धरती पहले आग का गोला थी क्यों?

ग) बूँद ने लेखक से क्या आग्रह किया?

घ) बाज उड़ने में असफल क्यों रहा?

च) गोरस से आप क्या समझते हैं?

छ) प्राचीन काल में संचार के साधन कैसे थे?

प्रश्न 8. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए : 1 x 5=5

बस को देखा तो श्रद्धा उमड़ पड़ी। खूब वयोवृद्ध थी। सदियों के अनुभव के निशान लिए हुए थी। लोग इसलिए इससे सफ़र नहीं करना चाहते कि वृद्धा अवस्था में इसे कष्ट होगा। यह बस पूजा के योग्य थी। उस पर सवार कैसे हुआ जा सकता है !

1. पाठ का नाम क्या है?
   - क) बस की यात्रा
   - ख) लाख की चूड़ियाँ
   - ग) दीवानों की हस्ती
   - घ) ध्वनि

2. लेखक के मन में बस को देखकर कैसा भाव उमड़ा?
   - क) प्रेम
   - ख) श्रद्धा
   - ग) दया
   - घ) इनमें से कोई नहीं

3. लोग इस बस में सफ़र क्यों नहीं करना चाहते थे?
   - क) क्योंकि बस में सीटें बहुत कम थीं
   - ख) क्योंकि बस के चलने के आसार ही दिखाई नहीं देते थे।
   - ग) क्योंकि बस अपनी जर्जर अवस्था के कारण कहीं भी धोखा दे सकती थी।
   - घ) इनमें से कोई नहीं

4. 'बस पूजा के योग्य है' ऐसा भाव लोगों मन में क्यों आता था?
   - क) क्योंकि वह सफ़र के योग्य नहीं थी
   - ख) क्योंकि लोग उस पर अपार विश्वास करते थे
   - ग) क्योंकि वह बहुत सजी-धजी थी
   - घ) क्योंकि बस सरपट भाग सकती थी

क) क्योंकि वह बहुत साफ सुथरी थी

ख) क्योंकि वह लेखक को एक बूढ़ी महिला की भाँति लगी

ग) क्योंकि वह वृद्धों को ही बैठाती थी

घ) क्योंकि वृद्धों उसे चलने से रोक दिया था

प्रश्न 9. दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए : 1 x 5 = 5

तेरैं लाल मैरों माखन खायौ।
दुपहर दिवस जानि घर सूनो ढ़ँढ़ि-ढ़ँढ़ोरि आपही आयौ।
खोलि किवारि, पैठ मंदिर मैं, दूध-दही सब सखनि खवायौ।
ऊखल चढ़ि, सींके कौ लीन्हौ, अनभावत भुई मैं ढरकायौ।
दिन प्रति हानि होति गोरस की, यह ढोटा कौनें ढँग लायौ।
सूर स्याम कौं हटकि न राखै तैं ही पूत अनोखौ ज़ायौ।

1. गोपी ने यशोदा को किसकी शिकायत की?

क) कृष्ण

ख) बलराम

ग) कृष्ण व बलराम दोनों की

घ) इनमें से कोई नहीं

2. गोपी ने यशोदा को क्या शिकायत की?

क) कृष्ण की उनके घर में उधम मचाने की

ख) कृष्ण ने हमारे घर में घुसकर दूध-दही स्वयं खाया और अपने मित्रों को भी खिलाया

ग) आँगन में शोर मचाने की

घ) उनका मज़ाक उड़ाने की

3. कृष्ण किस समय गोपियों के घर में मक्खन चुराते थे?

क) दोपहर को

ख) सुबह

घ) रात को

4. कृष्ण गोपियों के घर में मक्खन कहाँ से चुराते थे?
   क) छींकें की हाँड़ी में से
   ख) कटोरे में से
   ग) डिब्बों में से
   घ) मिट्टी के बड़े बर्तन में से

5. पद्यांश में कौन-सी भाषा का प्रयोग हुआ है?
   क) उर्दू
   ख) ब्रजभाषा
   ग) फ़ारसी
   घ) खड़ीबोली

**खंड - घ**

प्रश्न 10. 'नर हो न निराश करो मन को' इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए : 5

प्रश्न 11. रात में मोहल्ले में गश्त लगाने हेतु थानेदार को प्रार्थना-पत्र लिखें। 5

प्रश्न 12. दो मित्रों के बीच वृक्षारोपण पर बातचीत पर संवाद लेखन लिखें : 5

# हिन्दी

**HINDI**

**समय: 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

## खंड - क

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

आत्मविश्वास शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है-आत्म और विश्वास। यहाँ आत्मा से आशय अंतर्मन से है। विश्वास का अर्थ भरोसा होता है। वस्तुत: अंतर्मन के भरोसे को ही आत्मविश्वास कहते हैं। एक मनुष्य के लिए बहुत आवश्यक है कि वह स्वयं पर विश्वास करें। जिस मनुष्य ने स्वयं पर विश्वास कर लिया उसने मानो संसार जीत लिया। सत्य, सदाचार, ईमानदारी, सहृदयता आदि मानवीय गुणों को धारण करके आत्मविश्वास का संचार किया जा सकता है। आत्मविश्वास से भरा व्यक्तित्व सबके द्वारा सराहा जाता है। लोग उसका सम्मान करते हैं। मनुष्य प्रत्येक को सदैव आत्मविश्वास को मजबूत बनाए रखना चाहिए तभी वह जीवन में उन्नति कर सकता है। आत्मविश्वास के अभाव में किसी कामयाबी की कल्पना नहीं की जा सकती है। आत्मविश्वास के सहारे कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त करना भी सरल हो जाता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आत्मविश्वास के सहारे ही ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। यह उनका आत्मविश्वास ही था जिसके सहारे उन्होंने अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराया।

सत्य, सदाचार, ईमानदारी, सहृदयता आदि मानवीय गुणों को धारण करके आत्मविश्वास का संचार किया जा सकता है।

(क) आत्मविश्वास शब्द का क्या अर्थ है?

उत्तर : आत्मविश्वास शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है-आत्म और विश्वास। यहाँ आत्मा से आशय अंतर्मन से है।विश्वास का अर्थ भरोसा होता है। वस्तुत: अंतर्मन के भरोसे को ही आत्मविश्वास कहते हैं।

(ख) राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने आत्मविश्वास के सहारे क्या संभव किया?

उत्तर : राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने आत्मविश्वास के सहारे ही ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। यह उनका आत्मविश्वास ही था जिसके सहारे उन्होंने अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराया।

(ग) आत्मविश्वास के अभाव में किसकी कल्पना नहीं की जा सकती?

उत्तर : आत्मविश्वास के अभाव में किसी कामयाबी की कल्पना नहीं की जा सकती है।

(घ) आत्मविश्वास का संचार कैसे किया जा सकता है?

उत्तर : सत्य, सदाचार, ईमानदारी, सहृदयता आदि मानवीय गुणों को धारण करके आत्मविश्वास का संचार किया जा सकता है।

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दें।

उत्तर : उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक 'आत्मविश्वास' है।

प्रश्न 2. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

रात यों कहने लगा मुझसे गगन का चाँद,
आदमी भी क्या अनोखा जीव होता है।
उलझने अपनी बनाकर आप ही फंसता,
और फिर बेचैन हो जगता, न सोता है।

मैं चुका हूँ देख मनु को जनमते–मरते
और लाखों बार तुझ–से पागलों को भी
चाँदनी में बैठ स्वप्नों पर सही करते।
कवि- रामधारी सिंह 'दिनकर'

क) कवि के अनुसार कौन अपने-आप उलझनें पैदा कर फँसता है?
उत्तर : कवि के अनुसार आदमी अपने-आप उलझनें पैदा कर फँसता है।

ख) यहाँ पर 'मैं' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
उत्तर : यहाँ पर 'मैं' चाँद के लिए प्रयुक्त हुआ।

ग) उपर्युक्त पद्यांश में अनोखा जीव किसे संबोधित किया गया है?
उत्तर : उपर्युक्त पद्यांश में अनोखा जीव 'आदमी' को संबोधित किया गया है।

घ) 'चाँदनी' शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखें।
उत्तर : चाँदनी - चंद्रिका, ज्योत्सना

ङ) चाँद क्या देख चुका है?
उत्तर : चाँद मनु को जनमते और मरते देख चुका है।

प्रश्न 3. i) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1 x 2 =2

क) आत्मा - जीव, देव

ख) भय - भीति, डर

ii) किन्हीं चार शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 1 x 4 = 4

क) अन्धकार x प्रकाश

ख) इच्छा x अनिच्छा

ग) अनुराग x विराग

घ) आदि x अंत

ङ) आग्रह x दुराग्रह

च) अधिक x न्यून

iii) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त विशेषण शब्द पहचानिए : 1 x 2 =2

क) मीना साहसी लड़की है।

ख) बाज़ार से कुछ आम ले आओ।

ग) मेले में प्रतिदिन अनेक लोग आते हैं।

घ) मेरी माँ आ रही है।

iv) सही भाववाचक संज्ञा शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1x2=2

क) रीमा की लिखाई बहुत साफ़ है। (लिखना)

ख) नौकर की ईमानदारी देखकर मालिक ने उसकी प्रशंसा की। (ईमानदार)

v) निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित विभक्ति (कारक) लगाकर वाक्य पूरे कीजिए : 1x2=2

क) राज को वार्षिक समारोह के अवसर पर श्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार दिया गया।

ख) माँ ने राज को भोजन कराया।

ग) हेमा ने चाकू <u>से</u> सेब काटा।

घ) फूल <u>हमारे</u> पास नहीं थे।

vi) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग पहचानिए : 1x2=2

क) दुर्दशा - दूर्

ख) अधपका - अध

vii) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय पहचानिए : 1x2=2

क) पढ़ा - आ

ख) कमाई - आई

viii) संधि विच्छेद कीजिए : 1x2=2

क) सीमांत - सीमा + अंत

ख) रमेश - रमा + ईश

ix) निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कीजिए : 1x2=2

क) आपबीती - आप पर बीती

ख) प्रतिमास - प्रत्येक मास

x) किन्हीं दो मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1x2=2

क) पानी फेर देना - रोहन ने तो पिताजी की आशाओं पर पानी फेर दिया।

ख) हवाई किले बनाना - हवाई किले ही बनाते रहोगे या अब अभ्यास भी करोगे।

ग) आसमान टूटना - पिता की मृत्यु से रहीम के परिवार पर आसमान टूट पड़ा।

घ) टेढ़ी खीर - आजकल अच्छे शिक्षा संस्थानों में प्रवेश पाना टेढ़ी खीर है।

:

1. पत्र लेखन की कला के विकास के लिए क्या-क्या प्रयास हुए? लिखिए।

   उत्तर : पत्र लेखन की कला को विकसित करने के लिए दुनिया के सभी देशों द्वारा पाठयक्रमों में पत्र लेखन का विषय शामिल किया गया। विश्व डाक संघ की ओर से 16 वर्ष से कम आयुवर्ग के बच्चों के लिए पत्र लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित करने का कार्यक्रम सन् 1972 से शुरू किया गया।

2. लाला झाऊलाल जी ने फौरन दो और दो जोड़कर स्थिति को समझ लिया। "आपके विचार से लाला झाऊलाल ने कौन-कौन सी बातें समझ ली होंगी?

   उत्तर : दो और दो जोड़कर स्थिति को समझना - अर्थात् परिस्थिति को भाँप जाना। लोटा गिरने पर गली में मचे शोर को सुनकर आँगन में एकत्र हो गई। एक अंग्रेज को भीगे हुए तथा पैर सहलाते हुए देखकर लाला समझ गए कि स्थिति गंभीर है और लोटा अंग्रेज को लगा है। इस समय उनका चुप रहना ही ठीक है।

प्रश्न 5. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखो : 3 x 2 = 6

1. वस्तु विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?

   उत्तर : 'वस्तु विनिमय' में एक वस्तु को दूसरी वस्तु देकर लिया जाता था। वस्तु के लिए पैसे नहीं लिए जाते थे। वस्तु के बदले वस्तु ली-दी जाती थी। किन्तु अब मुद्रा के चलन के कारण वर्तमान परिवेश में वस्तु का लेन-देन मुद्रा के द्वारा होता है। विनिमय की प्रचलित पद्धति पैसा है।

2. हाईड्रोजन और ऑक्सीजन को पानी ने अपना (पूर्वज) पुरखा क्यों कहा?

उत्तर : जब ब्रह्मांड में पृथ्वी व उसके साथी ग्रहों का उद्भव भी नहीं हुआ था तब ब्रह्मांड में हाईड्रोजन व ऑक्सीजन दो गैसें सूर्यमंडल में लपटों के रूप में विद्‌यमान थीं। ऑक्सीजन व हाइड्रोजन के बीच रासायनिक क्रिया हुई। दोनों के संयोग से पानी का जन्म हुआ। इसलिए बूँद ने इन दोनों को अपना पूर्वज कहा है।

3. बाज जिंदगी भर आकाश में ही उडता रहा फिर घायल होने के बाद भी वह उड़ना क्यों चाहता था?

उत्तर : बाज ज़िंदगी भर आकाश में उड़ता रहा, उसने आकाश की असीम ऊँचाइयों को अपने पंखों से नापा। बाज साहसी था। वह किसी भी कीमत पर समझौतावादी जीवन शैली पसंद नहीं करता था। अतः कायर की मौत नहीं मरना चाहता था। वह अंतिम क्षण तक जीवन की आवश्यकताओं के लिए संघर्ष करना चाहता था।

4. घर के सामान्य काम हों या अपना निजी काम, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुरूप उन्हें करना आवश्यक क्यों है?

उत्तर : अपनी क्षमता के अनुसार काम करना इसलिए जरूरी है क्योंकि क्षमता के अनुरूप किया गया कार्य सही और सुचारु रूप से होता है। यदि हम अपने घर का काम या अपना निजी काम, नहीं करेंगे तो हम कामचोर बन जाएँगे। हमें अपने कामों के लिए आत्मनिर्भर रहना चाहिए।

प्रश्न 6. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 x 2 = 6

1. चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है? वह तिनकों का क्या करती होगी? लिखिए।

   उत्तर : चिड़िया अपनी चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में है क्योंकि सूरज डूबने का समय हो चुका है उसके डूबने से पहले चिड़िया अपने लिए घोंसला बनाना चाहती है। वह तिनके से अपने लिए घोंसला तैयार कर उसमें अपने बच्चों के साथ रहेगी। घोंसला उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान करता है।

2. बालक श्रीकृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?

   उत्तर : माता यशोदा ने श्रीकृष्ण को बताया की दूध पीने से उनकी चोटी बलराम भैया की तरह हो जाएगी। श्रीकृष्ण अपनी चोटी बलराम जी की चोटी की तरह मोटी और बड़ी करना चाहते थे इस लोभ के कारण वे दूध पीने के लिए तैयार हुए।

3. "चोरी की बान में हौ जू प्रवीने।"

   इस उपालंभ (शिकायत) के पीछे कौन-सी पौराणिक कथा है?

   उत्तर : बचपन में जब कृष्ण और सुदामा साथ-साथ संदीपन ऋषि के आश्रम में अपनी-अपनी शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। तभी एकबार जब श्रीकृष्ण और सुदामा जंगल में लकड़ियाँ एकत्र करने जा रहे थे तब गुरूमाता ने उन्हें रास्ते में खाने के लिए चने दिए थे। सुदामा श्रीकृष्ण को बिना बताए चोरी से चने खा लेते हैं। श्रीकृष्ण उसी चोरी का उपालंभ सुदामा को देते हैं।

4. 'तै ही पूत अनोखी जायौ '- पंक्तियों में ग्वालन के मन के कौन-से भाव मुखरित हो रहे हैं?

   उत्तर : 'तै ही पूत अनोखी जायौ' - पंक्तियों में ग्वालन के मन

व कृष्ण के उनका माखन चुराने पर क्रोध के भाव मुखरित हो रहे हैं। इसलिए वह यशोदा माता को उलाहना दे रही हैं।

प्रश्न 7. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : 1 x 5 = 5

क) लेखक के मन में बसको देखकर श्रद्धा क्यों उमड़ पड़ी?

उत्तर : बस की जीर्ण-शीर्ण अवस्था देखकर लेखक के मन में बस के प्रति श्रद्धा का भाव उमड़ पड़ा।

ख) धरती पहले आग का गोला थी क्यों?

उत्तर : धरती पहले आग का गोला थी क्योंकि यह सूर्य का ही एक भाग थी।

ग) बूँद ने लेखक से क्या आग्रह किया?

उत्तर : बूँद ने लेखक से आग्रह किया कि वह सूर्य उदित होने तक अपने प्राण बचाने हेतु उसकी हथेली पर सहारा पाना चाहती है।

घ) बाज उड़ने में असफल क्यों रहा?

उत्तर : बाज के टूटे पंखों में इतनी शक्ति नहीं थी कि उसके शरीर को संभाल पाती। इसलिए वह उड़ने में असफल रहा।

ङ) टिकट बाबू लेखक को ढूँढ़ता हुआ क्यों आया?

उत्तर : टिकट बाबू लेखक को इसलिए ढूँढ़ता हुआ आया क्योंकि वह उनके पैसे लौटाना चाहता था।

च) गोरस से आप क्या समझते हैं?

उत्तर : गाय के दूध को गोरस कहा जाता है।

छ) प्राचीन काल में संचार के साधन कैसे थे?

उत्तर : प्राचीन काल में संचार के साधनों में हरकारे व तेज दौड़ने वाले घोड़े थे जो संदेशवाहकों का काम करते थे।

प्रश्न 8. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए : 1 x 5=5

बस को देखा तो श्रद्धा उमड़ पड़ी। खूब वयोवृद्ध थी। सदियों के अनुभव के निशान लिए हुए थी। लोग इसलिए इससे सफ़र नहीं करना चाहते कि वृद्धा अवस्था में इसे कष्ट होगा। यह बस पूजा के योग्य थी। उस पर सवार कैसे हुआ जा सकता है !

1. पाठ का नाम क्या है?

   क) <u>बस की यात्रा</u> ख) लाख की चूड़ियाँ

   ग) दीवानों की हस्ती घ) ध्वनि

2. लेखक के मन में बस को देखकर कैसा भाव उमड़ा?

   क) प्रेम ख) <u>श्रद्धा</u> ग) दया घ) इनमें से कोई नहीं

3. लोग इस बस में सफ़र क्यों नहीं करना चाहते थे?

   क) क्योंकि बस में सीटें बहुत कम थीं

   ख) क्योंकि बस के चलने के आसार ही दिखाई नहीं देते थे।

   ग) <u>क्योंकि बस अपनी जर्जर अवस्था के कारण कहीं भी धोखा दे सकती थी</u>।

   घ) इनमें से कोई नहीं

4. 'बस पूजा के योग्य है' ऐसा भाव लोगों मन में क्यों आता था?

   क) <u>क्योंकि वह सफ़र के योग्य नहीं थी</u>

   ख) क्योंकि लोग उस पर अपार विश्वास करते थे

   ग) क्योंकि वह बहुत सजी-धजी थी

   घ) क्योंकि बस सरपट भाग सकती थी

क) क्योंकि वह बहुत साफ सुथरी थी

ख) <u>क्योंकि वह लेखक को एक बूढ़ी महिला की भाँति लगी</u>

ग) क्योंकि वह वृद्धों को ही बैठाती थी

घ) क्योंकि वृद्धों उसे चलने से रोक दिया था

प्रश्न 9. दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए : 1 x 5 = 5

तेरैं लाल मैरों माखन खायौ।
दुपहर दिवस जानि घर सूनो ढ़ँढ़ि-ढ़ँढ़ोरि आपही आयौ।
खोलि किवारि, पैठ मंदिर मैं, दूध-दही सब सखनि खवायौ।
ऊखल चढ़ि, सींके कौ लीन्हौ, अनभावत भुई मैं ढरकायौ।
दिन प्रति हानि होति गोरस की, यह ढोटा कौनें ढँग लायौ।
सूर स्याम कौं हटकि न राखै तैं ही पूत अनोखौ ज़ायौ।

1. गोपी ने यशोदा को किसकी शिकायत की?

क) <u>कृष्ण</u>

ख) बलराम

ग) कृष्ण व बलराम दोनों की

घ) इनमें से कोई नहीं

2. गोपी ने यशोदा को क्या शिकायत की?

क) कृष्ण की उनके घर में उधम मचाने की

ख) <u>कृष्ण ने हमारे घर में घुसकर दूध-दही स्वयं खाया और अपने मित्रों को भी खिलाया</u>

ग) आँगन में शोर मचाने की

घ) उनका मज़ाक उड़ाने की

3. कृष्ण किस समय गोपियों के घर में मक्खन चुराते थे?

________

ख) सुबह

ग) शाम को

घ) रात को

4. कृष्ण गोपियों के घर में मक्खन कहाँ से चुराते थे?

क) <u>छींकें की हाँड़ी में से</u>

ख) कटोरे में से

ग) डिब्बों में से

घ) मिट्टी के बड़े बर्तन में से

5. पद्यांश में कौन-सी भाषा का प्रयोग हुआ है?

क) उर्दू

ख) <u>ब्रजभाषा</u>

ग) फ़ारसी

घ) खड़ीबोली

## खंड - घ

प्रश्न 10. 'नर हो न निराश करो मन को' इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए : 5

'नर हो न निराश करो मन को'

जीवन में सफलता-असफलता, हानि-लाभ, जय-पराजय के अवसर मौसम के समान है, कभी कुछ स्थिर नहीं रहता। मनुष्य के जीवन में पल-पल परिस्थितियाँ बदलती रहती है। जीवन में कई बार असफलता का सामना करना पड़ता है। असफलता में निराश होने की बजाए उत्साह से कार्य किए जाए तो असफलता को भी सफलता में बदला जा सकता है। अब्राहम लिंकन भी अपने जीवन में कई बार असफल हुए और अवसाद में भी गए, किन्तु उनके साहस और सहनशीलता के गुण ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ सफलता दिलाई। आशावान व्यक्ति के आगे भाग्य भी घूटने टेक देता है। इसलिए कवि हरिवंशराय बच्चन कहते हैं कि... "लहरों के डर से नौका पार नही होती, कोशिश करने वालों की हार नही होती।''

प्रश्न 11. रात में मोहल्ले में गश्त लगाने हेतु थानेदार को प्रार्थना-पत्र लिखें। 5

सेवा में,

थानेदार साहब,

अंबर नगर,

नई दिल्ली

विषय - रात में मोहल्ले में गश्त लगाने हेतु प्रार्थना-पत्र

महोदय,

मैं अंबर नगर का निवासी हूँ। आज-कल हमारे यहाँ रात में असमाजिक तत्वों का आतंक बढ़ गया है जिससे लोगों को माल हानि का भय लगा रहता है तथा लड़कियों का आना-बना भी सुरक्षित नहीं है।

आजकल पुलिस भी यहाँ गश्त लगाने नहीं आती इससे इन असामाजिक तत्वों का मनोबल और मजबूत हो जाता है।

कृपया आप पुलिस को यहाँ नियमित रूप से गश्त लगाने भेजे।

सधन्यवाद

प्रार्थी,

मनोज मिश्रा

दिनांक - 10 जून 20 --

प्रश्न 12. दो मित्रों के बीच वृक्षारोपण पर बातचीत पर संवाद लेखन लिखें : 5

सोमेश : नमस्कार नीरव! आप कैसे हो ?

नीरव : नमस्कार! मैं ठीक हूँ। आप बताओ, आपका क्या हालचाल है?

सोमेश : भाई आजकल तो हम वृक्षारोपण के कार्यक्रम में व्यस्त हैं।

नीरव : वृक्षारोपण !

सोमेश : हाँ वृक्षारोपण !

नीरव : कहाँ हो रहा है ये वृक्षारोपण?

सोमेश : मेरे विद्यालय के सामने काफी स्थान बंजर पड़ा है। अत: हमारे प्राचार्य ने निश्चय किया कि इस बंजर भूमि को हरा-भरा बनाते हैं और इसलिए हम बच्चे स्कूल के बाद एक घंटे का श्रमदान करते हैं। अब तो सारी भूमि साफ़ हो गई है और कल वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

सोमेश : हाँ ! नीरव हमारे प्राचार्य द्‌वारा किया गए कार्य को सभी जगह सराहा जा रहा है।

नीरव : वो तो होना ही था।

सोमेश : तुम से मिलकर अच्छा लगा। अब चलता हूँ। अभी बहुत सारे काम करने हैं।

नीरव : अच्छा मित्र अलविदा।